>

Title: Need to facilitate the process of getting Kisan Credit Cards to the farmers of Barmer and Jaisalmer regions in Rajasthan so as to enable them to get loans from Banks.

श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर) : भारत सरकार ने किसानों को वित्त व्यवस्था प्रदान करने, साहूकारों के शोषण से मुक्त कराने के लिए एवं किसानों को अपने खेतों में खाद्यान्न की पैदावार बढ़ाने के लिए समय पर आवश्यक सामग्री जुटाने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा दिए जाने की शुरूआत की है। मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर के अंतर्गत बाड़मेर एवं जैसलमेर जिले में इस व्यवस्था से किसानों को वित्त सुविधा तो मिल रही है परन्तु इसके लिए कोई सिस्टम नहीं है और किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण प्राप्त करने के लिए कई चककर काटने पड़ते हैं तथा कई कठिन औपचारिकताओं को पूरा करना पड़ता है। सीमान्त एवं छोटे किसान वग को किसान क्रेडिट कार्ड नहीं मिल पाये हैं और मिल भी गये तो उसे बैंकों से ऋण की सुविधा नहीं मिल पा रही है। साथ ही साथ कृषि फसल बीमा योजना से जो प्रीमियम मिलता है वह किसान क्रेडिट कार्ड धारक किसानों को समय पर नहीं मिल पाता है एवं किसानों को समय पर अपने कृषि कार्य के लिए आवश्यक बीज, खाद एवं अन्य सामग्री जुटाने में अनेकों दिककत उठानी पड़ती है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर अंतर्गत बाड़मेर जिले एवं जैसलमेर जिले किसान क्रेडिट कार्ड संबंधित कार्यों एवं इससे मिलने वाले ऋणों के कार्यों की समीक्षा किया जाये और इसके लिए सार्थक ढंग से सिस्टम बनाया जाय जिससे किसान को फायदा मिल सके।